Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding construction of bridge over Sursur river, Gera river and Bilniya River in Supal, Bihar.

श्री दिलेश्वर कामैत (सुपौल): अध्यक्ष जी**,** आपने मुझे बोलने का मौका दिया**,** इसके लिए बहुत**-**बहुत धन्यवाद।

महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र बिहार के सुपौल जिले के अंतर्गत छातापुर प्रखंड में आजादी से 72 वर्ष तक सुरसर नदी, गेरा नदी तथा बिलनिया नदी में पुल का निर्माण नहीं हुआ है। फलस्वरूप प्रति वर्ष उन नदियों में डूब कर लोग मर जाते हैं। आपके माध्यम से मैं सरकार से निवेदन करता हूँ कि छातापुर प्रखंड के रामपुर पंचायत, नन्हीं टोला की सुरसर नदी के शिवनीघाट पर, लालगंज पंचायत के गेरानदी के परियाही घाट पर तथा तीसरा ग्वालपाड़ा पंचायत के बिलनिया नदी में रतनसार गांव के वार्ड नंबर 11 में अतिशीघ्र पुल का निर्माण कर यातायात की सुविधा बहाल कर लोगों के जान-माल की रक्षा करने की कृपा करें।

धन्यवाद।